दिनांक : 17.04.2025 समय : 07.10PM

# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## मुख्य समाचार,

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नीमच में कहा—मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से होगा मुक्त।
- जनजातीय क्षेत्रों में समुदाय आधारित आजीविका और जलवायु परिवर्तन पर कल से भोपाल में होगी दो दिवसीय कार्यशाला।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ब्रिक्स देशों की बैठक के लिए ब्राजील के दौर पर।

और

- प्रदेश में एक बार फिर तेज गर्मी, 9 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुँचा।

............

## अमित शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि वर्ष 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त होगा। इस प्रण को पूरा करने में सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह आज नीमच में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ के कर्मियों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की।

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि सीआरपीएफ के 3 लाख जवान देश में कानून-व्यवस्था और शांति स्थापित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा सीआरपीएफ दुनिया का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिह, क्षेत्र के लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। स्थापना दिवस पर केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। केन्द्रीय मंत्री ने वीरता पदकों के लिए चयनित जवानों को सम्मानित कर विशिष्ट सेवाओं के लिये सुरक्षा बल के जवानों को पुरस्कृत भी किया।

## पर्यावरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कल दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। भोपाल में आयोजित होने वाली कार्यशाला में विकसित भारत @2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन होगा। कार्यशाला में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्‌बोधन देंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे।

## स्मारक दिवस

अंतर्राष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल दिवस के अवसर पर कल देश भर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई स्मारकों को देखने जाने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसका उद्‌देश्य पर्यटकों को भारत की समृद्‌ध सांस्कृतिक विरासत को देखने के लिए प्रोत्साहित करना है। एएसआई के संरक्षण में 3,698 स्मारकों और स्थल है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल दिवस का विषय 'आपदा एवं संघर्ष से खतरे में धरोहर रखा गया है। इसके तहत प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं, खतरों या संघर्षों से धरोहर स्थलों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है।

## सर्वोच्च न्यायालय-वक्फ

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। न्यायालय ने केंद्र सरकार के इस आश्वासन को दर्ज किया कि अगली सुनवाई तक वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के तहत वक्फ बोर्ड या केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। कोर्ट ने महाधिवक्ता तुषार मेहता के इस आश्वासन पर भी गौर किया कि मौजूदा वक्फ संपत्तियों की स्थिति, जिसमें "उपयोगकर्ता द्‌वारा वक्फ" के रूप में वर्गीकृत संपत्तियां भी शामिल हैं, फिलहाल अपरिवर्तित रहेंगी। इस मामले की सुनवाई अब 5 मई को होगी।

शिवराज सिंह

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक के लिए इन दिनों ब्राजील प्रवास पर हैं। इस दौरान उन्होंने ब्राजील में सोयाबीन उत्पादन प्लांट और टमाटर के खेतों सहित कुछ अन्य संस्थानों का दौरा किया। ब्राजील के सोयाबीन उत्पादन संयंत्र का अवलोकन करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में सोयाबीन का उत्पादन ही नहीं, बल्कि प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भी ब्राजील के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। अभी ब्राजील से भारत सोया तेल आयात करता है। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा की गई भारत से कैसे तेल का निर्यात हो सकता है। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि के और तेजी से विकास के लिए कृषि व्यापार समुदाय को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील दोनों मिलकर पूरी दुनिया की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने का बहुत महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं।

राजनाथ - रक्षा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार ने रक्षा बजट का 75 प्रतिशत भाग घरेलू कंपनियों से खरीद के लिए आरक्षित किया है। नई दिल्ली में आज रक्षा सम्मेलन में श्री राजनाथ सिंह ने बताया कि देश में रक्षा उत्पादन वर्ष 2014 में 40 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण बनाने का लक्ष्य रखा है।

बाईट- राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री

वेव्स

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट वेव्स 2025 के क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन एक के तहत एंटी-पायरेसी चैलेंज के फाइनल में पहुंचने वाले विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय 1-4 मई, 2025 को मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है।

एंटी-पायरेसी चैलेंज का उद्देश्य फिंगरप्रिंटिंग और वॉटरमार्किंग समाधानों में तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना था। इस चुनौती में 1,600 से अधिक पंजीकरण मिले और 132 विचार प्रस्तुत किए गए। शीर्ष सात फाइनलिस्ट वेव्स- 2025 के दौरान अपने समाधान प्रस्तुत करेंगे।

मौसम

भोपाल समेत प्रदेशभर में भीषण गर्मी का सितम जारी है। ओले-बारिश और आंधी का सिस्टम कमजोर पड़ते ही प्रदेश में एक बार फिर गर्मी का असर बढ़ गया है। इंदौर-उज्जैन संभाग सबसे गर्म है। ग्वालियर, चंबल संभाग में भी गर्म हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। प्रदेश में कल 9 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया।

इनमें रतलाम, नर्मदापुरम, खंडवा, शाजापुर, खरगोन, नरसिंहपुर, उज्जैन, धार और गुना शामिल हैं। सबसे गर्म रतलाम रहा। जहां तापमान 42.6 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में पार्ढुना और मनावर में बारिश हुई। वहीं सिवनी में ओलावृष्टि के साथ हल्की बारिश हुई।

समाचार संक्षेप में .....

- अनूपपुर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत वाटर शेड यात्रा अभियान के तहत मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत गिरारी खुर्द में 19 अप्रैल को होगा।
- शिवपुरी जिले में सन् 1857 की क्रांति के प्रमुख योद्धा तात्याटोपे की याद में स्वराज संस्थान भोपाल एवं जिला प्रशासन के समन्वय से दो दिवसीय शहीद मेला कल से आयोजित किया जाएगा।
- नर्मदापुरम जिले में अगले माह सभी ब्लॉकों में निःशुल्क खेल समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप के माध्यम से बच्चों के खेल के टैलेंट को चिन्हित किया जाएगा।
- गुना में अनुविभागीय अधिकारी आरोन मंजुषा खत्री द्वारा आज सिविल हॉस्पिटल आरोन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।
- गोरखपुर मंडल में विकास कार्यो के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है। इनमें पुणे–गोरखपुर एक्सप्रेस आज से दो मई तक निरस्त रहेगी।
- खरगोन में देश का 448 वां पासपोर्ट सेवा केन्द्र की शुरूआत आज हुई। एसडीएम कार्यालय परिसर में सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने इसकी औपचारिक शुरूआत की।

नमस्कार।

....................